Regarding connecting the proposed National Highway from Dabwali to Panipat to Ganga Express in Meerut via Chhaprauli, Baraut, Barnawa from Panipat

डॉ. राजकुमार सांगवान (बागपत) : माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे शून्यकाल में बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूँ ।

मैं आपके द्वारा सरकार का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र की अति महत्वपूर्ण विषय की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ । बीकानेर से डबवाली नेशनल हाइवे, जो पहले से ही बना हुआ है और इससे आगे डबवाली से पानीपत तक ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे प्रस्तावित है । मेरा विनम्र सुझाव है कि इस प्रस्तावित हाइवे को पानीपत से आगे छपरौली, बड़ोत, बरनावा से होते हुए मेरठ में गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़ दिया जाए । ऐसा करने से यह हाइवे बीकानेर से इलाहाबाद तक जुड़ जाएगा, जिससे राजस्थान, हरियाणा और उत्तर प्रदेश तीनों राज्य आपस में जुड़ जाएंगे । इस मार्ग के निर्माण से तीन प्रदेशों के बीच यातायात सुगमता में वृद्धि होगी, व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्रीय विकास को एक नई दिशा मिलेगी ।? (व्यवधान)